सुनले फरियाद शेरावाली

ओ माँ, ओ माँ, ओ माँ मेरी माँ,
सुनले फरियाद शेरावाली,
माँ, सुनले फरियाद शेरावाली,
तेरे दर का मै हूँ सवाली,
मैया भर दे मेरी झोली खाली॥

महादेवी हे जगमाता,
जो भी पास तेरे आता,
उसके कष्ट निवारे तू,
बिगड़े भाग सँवारे तू,
नाँव तुफ़ा में तूने सम्भाली,
आबरू निर्धनों की बचा ली,
मैया भर दे मेरी झोली खाली॥

नीलमणि सा तेरा अंग,
सब से अलग है तेरा रंग,
जिसके सिर तू हाथ धरे,
उसका ही उद्धार करे,
तू ही दुर्गा तू ही महाकाली,
शिवदुती पहाड़ वाली,
मैया भर दे मेरी झोली खाली॥

तेरे प्रेम का गंगाजल,
पीकर हो जाए निर्मल,
कोई विधान नही आता,
चरणों में रख दूँ माथा,
तेरे दर पर ही कुटिया बनाली,
तेरे नाम की धूनी रमा ली,
मैया भर दे मेरी झोली खाली॥

तीन नेत्र दस भुजा तेरी,
सबसे ऊची ध्वजा तेरी,
तू माता है जगजननी,
पार कराती वैतरणी,
ज्योत मैंने जो मन में जगाली,
आई जीवन में जैसे दीवाली,
मैया भर दे मेरी झोली खाली.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24701/title/sunle-fariyad-sherawali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |